**ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**
**24, AKBAR ROAD, NEW DELHI**
**COMMUNICATION DEPARTMENT**

**Highlights of Manifesto Release Function** **05 April, 2024**

**Shri Mallikarjun Kharge, Congress President & LoP Rajya Sabha; Smt. Sonia Gandhi, Chairperson, Congress Parliamentary Party; Shri Rahul Gandhi, MP and former Congress President; Shri K.C. Venugopal, General Secretary, (Org), AICC; Shri P. Chidambaram, Chairman, Manifesto Committee for 2024 Lok Sabha Elections and MP and Shri Pawan Khera, Chairman, Media & Publicity (Communication Deptt), AICC addressed the Congress Manifesto function at AICC Hdqrs, today.**

**श्री पवन खेड़ा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा -** नमस्कार साथियो। न्याय के इस उत्सव में आप सबका स्वागत है। हम सबकी नेता और हमारी नैतिकता की स्त्रोत, श्रीमती सोनिया गांधी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और हमारे प्रेरणा के स्त्रोत, श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी, हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और हमारी ऊर्जा के स्त्रोत, श्री राहुल गांधी जी इस न्याय पत्र को मूर्त रूप देने वाले श्री पी चिदंबरम जी, हमारे संगठन महासचिव, श्री केसी वेणुगोपाल जी, आप सबका स्वागत है। सर्वप्रथम, वेणुगोपाल जी सबका स्वागत करेंगे।

(श्री केसी वेणुगोपाल ने श्री मल्लिकार्जुन खरगे, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी जी और श्री पी चिदंबरम को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।)

धन्यवाद वेणुगोपाल जी। साथियो, हमारे नेतृत्व के लिए और हमारी पार्टी के लिए न्याय केवल एक शब्द नहीं है, न्याय संघर्ष है, न्याय तपस्या है और न्याय हक है। सबसे पहले इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हम न्याय पत्र का विमोचन करेंगे, उसको जारी करेंगे। मैं माननीय कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे साहब से आग्रह करूँगा कि वो न्याय पत्र को जारी करें।

(न्याय पत्र जारी किया गया।)

अब मैं मैनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष, श्री पी चिदंबरम साहब से आग्रह करुंगा कि वो इस न्याय पत्र के विषय में कुछ प्रकाश डालें, आपसे चर्चा करें।

**Shri P. Chidambaram said-** Hon'ble Congress President, Hon'ble former Congress President Smt. Sonia Ji, Hon'ble former Congress President Shri Rahul

Ji, General Secretary Shri K.C. Venugopal, members of the Congress Working Committee (CWC), Senior leaders of the Congress, Karyakartas of the Congress, members of the media.

I am thankful to the Congress President for releasing the Congress manifesto for the 2024 elections. Earlier, the draft Congress manifesto was thoroughly discussed in the Congress Working Committee (CWC), the recommendations of the members of the Congress Working Committee (CWC) were taken into consideration, and over the final approval of the Congress President, some changes were made to the draft manifesto and what we have today is the final manifesto approved by the Congress Working Committee (CWC) and the Congress President.

The broad theme of the manifesto is justice. Every aspect of justice has been threatened, weakened, diminished and in some cases, denied in the last 10 years, especially in the last 5 years. Members of the media will recall that in 2019, we had warned of, what is likely to happen between 2019 and 2024, should the BJP come back to power.

We were not soothsayer, but we were active workers on the ground, who could sense what is happening in this country. I am sorry to report that what we had predicted in 2019, has come to a pass in 2024.

We had said- institutions will be diminished or captured, that is happened. We had said- freedom will be restricted and that is happened. We had said that the weaker sections of the people, will be denied their rights and their privileges, that is happened. We had said- the Parliament will be diminished, that is happened. We had said that we will inexorably move towards an autocracy. We are already described as an electoral autocracy by many-many thinkers of the world, that is happened. While, we are unhappy that what we had predicted, has happened. We have, in this manifesto, suggested bold measures to reverse the damage, that is happened in the last 5- 10 years.

The overall theme of the Congress manifesto is three powerful words- Work, Wealth, and Welfare.

I shouldn't take long; I'll explain each word in one sentence. Work means, we must create jobs. If anybody had any doubt, read the report of the ILO (The International Labour Organization), that was released 10-15 days ago. The government came up with a lame defence through the Chief Economic Advisor for the Defence only, made it worse.

The ILO reports shows that unemployment has assumed monstrous proportions in this country. Yesterday, the media carried a report that 30 per cent of the outgoing class in the Indian Institutes of Technology (IIT), the premier Institutions of our country, are unemployed, they have not been placed. 'Jobs! Jobs! Jobs!' is a cry everywhere in India. The sections on work encapsulates what we will do to create jobs.

The second is Wealth; Wealth must be created before it is distributed. On the contrary, the five years of the Modi government shows that wages have been stagnant in this country. The average income of the bottom 50 per cent has either remains stagnant, or diminished or decreased for the bottom percentiles. We have to create wealth and that can only be created by growth.

The UPA government delivered 8.5 per cent growth in its first term, 2004 to 2009 and over a ten-year period, Dr. Manmohan Singh's government had delivered 7.5 per cent growth, even the futile attempt by the BJP government to revise the figures, made it 6.7 per cent, but over the last ten-years, the average growth is only 5.8 per cent and if you count the year that ended on 31st March, given the inflated figures, it will still be 5.9 per cent. The difference between 7.5 and 5.9, may appear to be trivial 1.6 per cent, but it's not a trivial difference, it is a difference that makes between a moderately, slowing economy and a robust economy.

So, the second broad theme is wealth. We have to create wealth, which means we must have investment, capital investment, private investment, government investment, and foreign investment. Once, we create jobs and once, we settle motion policies that will create wealth, this country will go back to the high growth path of the UPA governments.

The third section, which addresses many aspects of justice, is welfare. So, work, creating wealth, which results in welfare. The welfare of whom? I have always accused the BJP government, the Modi government is a government of the rich, by the rich and for the rich. This government is driven only by the interest of the top one per cent of this country, but we have to look at the bottom 50 per cent. The bottom of the pyramid, the bottom 50 per cent is as important as those, who are well off and on the bottom 50 per cent, as we go down the ladder, the bottom 20 per cent are extremely poor. It has been estimated that 23 crore people are still poor in this country. The UPA government lifted 24 crore people out of poverty and we promise that if the Congress, or a Congress led government comes to power in 2024, we will lift 23 crore people out of poverty in the next ten-years. That's possible, it's doable and I conclude by saying that Congress has done it before and we can do it again.

I appeal to all of you to spread the message of this manifesto to the nook and corner of this country and ask the people to vote for the 'Hand symbol' and to vote for all our allied parties throughout this country.

Thank you!

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि** आज हमारे कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र जारी करने के मौके पर कांग्रेस पार्टी के भूतपूर्व अध्यक्ष और हमारे चहेते नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी और भूतपूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी और यहां पर पधारे हुए हमारे कांग्रेस पार्टी के सभी

नेतागण और खासकर इस जो घोषणापत्र को तैयार किए श्री पी चिदंबरम जी, केसी वेणुगोपाल जी और सारे वर्किंग कमेटी के मेंबर्स, मीडिया के मेरे दोस्तों।

आज मुझे ये भी याद करना है कि बाबू जगजीवन राम का जन्म दिन भी है और जो बाबू जगजीवन राम हमारी पार्टी में बहुत साल तक 1947 से लेकर 1984 तक वो इस पार्टी में रहकर काम किए, फिर जो कुछ उनका योगदान था, बड़ा योगदान मिनिस्ट्री में उन्होंने किया, ऐसे दिन आज हम ये घोषणा पत्र गरीबों के लिए अर्पित कर रहे हैं।

आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 2024 के लोक सभा चुनाव का घोषणापत्र जारी किया जा रहा है। इस मौके पर मैं आप सभी का स्वागत करते हुए, 22 दिसंबर, 2023 को, जो श्री पी चिदंबरम जी की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय Congress Manifesto Committee बनी थी और 19 मार्च को CWC ने इसे मंजूरी दी थी।

व्यापक जन भागीदारी और संपर्क के बाद हमारा घोषणापत्र बना है। इसके लिए वेबसाइट "आवाज भारत की" बनी, जिस पर भी काफी सुझाव मिले। हमारा ये घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में "न्याय के दस्तावेज" के रूप में याद किया जाएगा।

राहुल जी के नेतृत्व में चली "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" में 5 PILLARS पर ध्यान केंद्रित किया गया था। यात्रा के दौरान  युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गयी थी। जहां कहीं भी हम गए, इन न्याय की बात हमने की थी और इसकी गारंटी भी हमने दी है। इन 5 PILLARS में से 25 गारंटियां निकलकर आईं, हर 25 गारंटी से किसी न किसी को लाभ मिलने का इसके अंतर्गत यहां पर हमारे मेनिफेस्टो में भी है और इसके लिए जो हम पहले से ही करते हुए आए हैं वो भी हमने इसका उल्लेख किया है।

मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं -

- खासकर युवा न्याय के तहत - हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी अप्रेंटिसशिप के साथ पक्की हो जाए, ऐसी एक गारंटी हम दे रहे हैं और उसके लिए हम 1 लाख रुपए, एक एप्रेंटिसशिप कोर्स करने वाले पर खर्च करेंगे और इससे ये फायदा होगा किसी न किसी जगह उसको पक्की नौकरी मिलेगी, क्योंकि ये स्किल डेवलपमेंट के तहत होगा और बहुत सी इंडस्ट्रीज में इनको काम मिलेगा।
- नारी न्याय के तहत - गरीब परिवार की महिला को सालाना 1 लाख की मदद देंगे

- किसान न्याय के तहत - किसानों की कर्ज माफी और MSP की कानूनी गारंटी भी हम देंगे और श्रमिक न्याय- इसके तहत मनरेगा में भी 400 रुपए न्यूनतम, कम से कम 400 रुपए मजदूरी दिया जाएगा।
- हिस्सेदारी न्याय में सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गिनती या जातीय जनगणना होगी। जिससे सबको फायदा होगा। यह किसी के फेवर में या किसी के अगेंस्ट में नहीं है कि हालात को समझने के लिए ये जातीय जनगणना करेंगे, जैसे कि एससी, एसटी की जातीय जनगणना होती है और वैसे ही जो पिछड़े लोग हैं और अपरकास्ट में भी गरीब लोग हैं, सबकी हालत क्या है, ये जानने के लिए हम जातीय जनगणना कराएंगे और इसका फायदा हर वर्ग को मिलेगा।
- हमारे घोषणापत्र में संवैधानिक न्याय (CONSTITUTIONAL JUSTICE) खंड में लोकतंत्र बचाओ, भय से मुक्ति से लेकर मीडिया, न्यायपालिका की आजादी, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जैसे मुद्दे हैं। कला संस्कृति जैसे विषय भी हैं।
- आर्थिक न्याय ( ECONOMIC JUSTICE) खंड में आर्थिक नीतियों, बेरोजगारी, TAXATION और TAX REFORMS, ये सारी चीजें उसमें हम लाएंगे, INDUSTRY और INFRASTRUCTURE पर ठोस काम हम करेंगे।
- राज्य न्याय ( JUSTICE FOR THE STATES) में संघीय ढांचा और केंद्र तथा राज्य संबंधों के साथ ग्रामीण और शहरी विकास, पूर्वोत्तर भारत पर रोशनी हम डालेंगे और जहां कहीं भी फेडरल स्ट्रक्चर को आघात होगा, हम उस वक्त अपनी आवाज उनके साथ भी उठाएंगे और जब हमारी गवर्नमेंट आएगी, तो उनको बराबरी का हिस्सा देंगे, ताकि वो पैसो के लिए तरसे न। चाहे वो सूखा हो, बाढ़ हो, आपदा हो, प्राकृतिक आपदा हो, इन सबके लिए फेडरल गवर्नमेंट को कानून के तहत जो मदद मिलना चाहिए, वो जरूर उनको हम दिलाएंगे।
- उसी के साथ देश की प्रतिरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रख कर रक्षा न्याय का भी खंड है जिसमें विदेश नीति भी है और विदेश नीति हमारी अब तक सफल हुई है और उसी नीति पर अगर ये लोग काम करते और ठीक ढंग से चलते और बहुत सी मुश्किल हमारे सामने आज जो आ रही हैं, वो कभी नहीं आतीं। तो इसीलिए हम अपने रक्षा न्याय का, देश की रक्षा के लिए पूरा हम काम करेंगे। आखिरी एक महत्व का बिंदु पर्यावरण न्याय भी देंगे।

आप सभी से मै अनुरोध करूंगा कि घोषणापत्र को बारीकी से देखें, परखें, इसमें आपको भविष्य के भारत की शानदार, नई  तस्वीर दिखेगी और इसके लिए आप ठीक ढंग से काम कर सकते हो।

आजादी के बाद से 1951-52 के चुनावों से राजनीतिक दल घोषणापत्र जारी करते समय बहुत से दावे करते हैं, पर कांग्रेस हमेशा जमीनी हकीकत पर चलती है। 1951 में पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में हमारा जो घोषणापत्र जारी हुआ उसका नाम था "WHAT CONGRESS STANDS FOR"।

पहले घोषणापत्र को लेकर ये टिप्पणी की गयी थी कि NO Exaggerated claims were made. No ambitious plans to entice public or deceive the electorate had been placed before them. A realistic view of what was capable of achievement and implementation alone was presented. ये पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जमाने में घोषणापत्र दिया था, जो realistic है। जो ग्राउंड लेवल पर हम कर सकते हैं, उसी के बारे में उन्होंने बोला था, किसी को फसाने के लिए नहीं, झूठ बोलने के लिए नहीं, हम जो भी कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, ये उनका कहना था और वो ही आज भी हम कर रहे हैं, जो कर सकते हैं, वो ही हम इसमें घोषणापत्र में लिखे हैं और बहुत से हमारे विद्वानों से भी हमने बात की है कि इसमें क्या कर सकते हैं, क्या नहीं कर सकते हैं, उनकी सलाह के मुताबिक ही आज हमने ये सारी चीजें आपके सामने रखी हैं।

ये हमारा 139 साल का शानदार इतिहास है। ये देश की सामाजिक, आर्थिक विकास की गति को बहुत तेज करेगा। किसानों, मजदूरों और महिलाओं, युवाओं, गरीबों, वंचित तबकों के विकास के जो बंद दरवाजे हम खोलेंगे, क्योंकि ये मोदी सरकार में ये सारे दरवाजे गरीबों के लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए बंद हैं। हम जब सत्ता में आएंगे, ये दरवाजे सब हम गरीबों के लिए खोल देंगे, उनका विकास करेंगे, ये हमारी प्रतिज्ञा है।

मोदीजी, डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली हमारी UPA सरकार की बहुत आलोचना करते हैं। लेकिन उस 10 साल में हमने MGNREGA, RIGHT TO EDUCATION, RTI, खाद्य सुरक्षा, वनाधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून और रेहड़ी पटरी वालों को अधिकार समेत कई कदम हमने उठाए थे और उसकी जो करता-धरता हैं श्रीमती सोनिया गांधी जी यहां पर मौजूद हैं। उन्होंने बारीकी से इन मनरेगा और खासकर कि फूड सिक्योरिटी को बहुत लड़ा, क्योंकि मुझे मालूम है, सब चीजें मैं यहां पर नहीं कह सकता कि उन्होंने इतने ये दो-तीन प्रोग्राम के लिए बहुत चिंता में रहते थे, जब तक वो इम्प्लीमेंट नहीं हुआ, तब तक वो

खामोश नहीं बैठे और कैबिनेट के लोगों को बोलते रहते थे कि ये क्या हुआ, जब हुआ तो वो भी खुशी मना लिए और हम भी लोग बोले कि भाई ठीक हो गया और जब बाहर इसका गया कि जो ये मनरेगा का, फूड सिक्योरिटी का और कम्पलसरी एजुकेशन का ये जो संदेश बाहर गया, तब लोग सभी खुश होने लगे, सभी बोलने लगे ये बहुत अच्छा यूपीए गवर्नमेंट ने किया, सोनिया गांधी जी ने किया, ये बात बाहर आ गई, इसीलिए ये हमारा जो पहले से गरीबों के लिए वायदे थे, वो हम पूरे करेंगे।

मोदीजी 10 सालों में इसके मुकाबले एक काम भी नहीं कर सके। आप बताइए कौन सी ऐसी बड़ी फैक्ट्री, जो रोजगार क्रिएट कर सकती है, जो नेहरू जी के जमाने में बने, वैसा कोई एक बड़ा काम उन्होंने किया है। जिस देश में एक सुई नहीं बनती थी, उस देश में पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा जी ने रॉकेट बनाकर उड़ाकर दिखाया और बहुत सी जो साइंटिफिक योजनाएं थीं, हमने बनाईं। अब मोदी जी के जमाने में तो गालियां देने का छोड़कर दूसरा तो मैंने नहीं सुना और उसके अगर कोई छुपे हुए काम हैं, तो मुझे बताओ, ताकि मैं भी उसकी प्रशंसा करूंगा। लेकिन आज हम गांरटी जो भी दे रहे हैं, हम चंद स्टेट में करके दिखाए हैं। हिमाचल में करके दिखाए, कर्नाटका में करके दिखाए, तेलंगाना में करके दिखाए, जहां कहीं भी हमारी सरकार है और राजस्थान में भी हमने कई नई चीजें की, वहां भी करके दिखाए हैं।

तो ये हम जो कहते हैं, मैंने पहले ही कहा, वो हम करते हैं और हम डरते नहीं हैं करने के लिए, हमारा कितना भी नुकसान हो, लेकिन गरीबों के लिए हम करते रहते हैं, ये हमारा पहले से कार्यक्रम है और मैं चंद बातें इस मौके पर कहना चाहता हूं, थोड़ी देर हो गई तो क्षमा चाहता हूं, मैं चंद बातें आपके सामने रखना जरूरी समझता हूं और आज क्या हो रहा है, विपक्षी नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है, चुनाव में सबको समान अवसर नहीं है और कई मुकदमे एक के ऊपर एक और हमारी पार्टी के ऊपर इतना बड़ा जुर्म किया और इतनी हमारे ऊपर पैनल्टीज डालीं, 3,567 करोड़ रुपए का हमारे ऊपर उन्होंने पैनल्टी डाली। क्या ये लेवल प्लेइंग ग्राउंड है। ये हमारे ऊपर आज हो रहा है, कल मीडिया के ऊपर होगा, मीडिया हाउसेस के ऊपर होगा, सबके ऊपर होगा।

तो इसीलिए इस देश की डेमोक्रेसी को बचाना है, संविधान को बचाना है इसीलिए हम सब देश के लोगों को एक होना चाहिए और लड़ना चाहिए और जो ऑटोक्रैटिक मोदी साहब हैं, उनको हटाना चाहिए, ये मेरी आपसे विनती है। जब तक आप ये काम नहीं करेंगे, तब तक सिर्फ बातों से नहीं होगा, आप लोग घर-घर जाकर और हमारा गारंटी कार्ड जो है, इन गारंटी

कार्डों को घर-घर तक पहुंचाने का काम हमारे कार्यकर्ता करें। जब तक आप घर-घर नहीं जाएंगे, वोटर से नहीं मिलेंगे, कुछ भी होने वाला नहीं है, सिर्फ स्लोगन से या मेरे भाषण से कुछ बदलाव आने वाला नहीं है। बदलाव होगा, तुम जनता से जब मिलोगे, घर-घर जाओगे, महिलाओं से मिलेंगे, युवाओं से मिलेंगे और जितने भी हमारे पेरैंट्स हैं, बड़े हैं, उनसे मिलकर किसानों से मिलकर आप लोग काम करेंगे, तभी हम कुछ हासिल कर पाएंगे, तो इसीलिए मैं आप से विनती करूंगा ये काम हमारा आप करेंगे और इस ऑटोक्रैटिक सरकार को हटाने के लिए आप काम करते रहेंगे।

अब बीजेपी का तो ऐसा है "चंदा दो, धंधा लो", "रिश्वत दो - ठेका लो", तो उन्होंने काम किया और वो कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाऊंगा। अरे भाई 25 लोग हमारे बड़े-बड़े नेताओं को आपने लिया और 25 नेताओं में दो को तो पूरा एग्जानरेट किया और 23 लोगों को, फिर उनको भी एग्जानरेट किया। अरे शाह साहब की वॉशिंग मशीन में इतने लोग जो भी जा रहे हैं, क्लीन होकर आ रहे हैं और भ्रष्ट लोग तुम्हारे साथ हैं, बदनाम हमको कर रहे हैं। मेरे पास तो नहीं हैं न, मेरे पास जब तक थे, तो आपने बोला वो भ्रष्ट हैं, फिर अब वो क्लीन कैसे हो गए, प्रमाणिक कैसे हो गए, ठीक कैसे हो गए। तो ये खुद ही इधर डराते हैं, उधर सब चोरों को लेते हैं, तो ये मेरा कहना है। इसीलिए आप इस बात को सोचिए और हम सालों से गरीबों की सेवा करते हुए आए हैं, आगे भी हम करते रहेंगे और जितने भी उन्होंने काम किया, मैं यहां गिनता नहीं, क्योंकि रेलवे में क्या किया, इंफ्लेशन का क्या किया, बेरोजगारी का क्या किया, ये सारे अगर बोलता जाऊं, तो आप भी थक जाएंगे, तो इसीलिए मैं ज्यादा नही बोलता, आप सबको मालूम है और हमारे पूरे इलेक्शन मेनिफेस्टो में वो चीज वहां पर है। इसीलिए आप तमाम को मैं धन्यवाद अर्पित करता हूं कि आप ऐसे वक्त जो हमको साथ दे रहे हैं, जिस वक्त लोग डर-डरकर चंद लोग भाग जा रहे हैं। वो डरने वाले कौन हैं? जो आदमी कुछ चोरी करता है, वो ही डरता है। जो आदमी ठीक है, अपने उसूलों पर खड़ा है, उसको कोई नहीं डराता, अगर डराएगा तो भी वो उसूलों पर ठहरे हुए लोग डरेंगे नहीं।

तो इसीलिए हम लोग डरने वाले नहीं, हमारे नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी, डर उनमें नहीं है और डर का नाम भी नहीं है और डर, ये शब्द उनके नजदीक आता नहीं, वो डर सिर्फ मोदी को है, क्योंकि वो हमारे लोगों को ले, लेकर 400 पार बोलते फिर रहे हैं। अरे मणिपुर जैसे एरिया में नहीं जा सके, विदेश में 14 फेरियां लगाए, देश में इलेक्शन का प्रचार सरकारी फंड से किया गया, सरकारी वाहन से किया गया, लेकिन मणिपुर वो देखे नहीं। क्यों नहीं गए भाई, आपकी तो 56 इंच की छाती है, आपको डर कुछ भी नहीं है, आप

जा सकते हैं, लेकिन वहां हमारे नेता राहुल गांधी जी जा सकते हैं लोगों के साथ, आप क्यों नहीं जा सकते? क्योंकि आपको डर है और डरने वाला आदमी देश की भलाई कभी नहीं करता, बाई चांस आया। अब आगे लोग उसको देखेंगे और आप भी मजबूती के साथ, हमारे साथ खड़े होंगे, इतना ही कहते हुए मेरे चार शब्दों को समाप्त करता हूं।

जय हिंद।

**श्री पवन खेड़ा ने कहा कि** धन्यवाद खरगे साहब। मीडिया के मित्रों आपके मोबाइल पर सॉफ्ट कॉपी हिंदी और अंग्रेजी की हमारे न्याय पत्र की पहुंच चुकी है। कार्यक्रम के पश्चात उसकी फिजिकल कॉपी भी आपको दे दी जाएगी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब दस मिनट आपके सवाल-जवाब होंगे और इसमें अनुशासन रखिएगा।

**On a question about Anti- Defection Law, Shri P. Chidambaram said**- You are asking about the anti-defection law which is now in the 10th Schedule. Over the years political parties, especially defectors have exposed the limitations of the 10th Schedule. So, 10th Schedule has to be amended. The 10th Schedule is to be amended. Our position is that moment defection takes place, it should be instantly disqualified.

**On another question that the focus of the manifesto is on the 25 guarantees that the Congress has already announced, so will this election be a fight between Congresses guarantees and Modi ki guarantee, Shri P. Chidambaram said**- The Congress guarantees are concrete guarantees. We have spell out in English and Hindi and in due course, in different languages, what each guarantee means, what each guarantee will deliver to the people. Mr. Modi's guarantees are only in order to ensure that his guarantee the third term job. Where is the guarantee? What happened to the guarantee of 2 crore jobs? What happened to the guarantee of 15 lakhs in the account of every Indian? What happened to the guarantee of doubling farmers income? What happened to the guarantee of raising India's GDP to 5 trillion? I can often narrate at least 50 such promises of Mr. Modi. Mr. Modi's promises are empty promises, our 25 guarantees are concrete guarantees.

**Shri Rahul Gandhi added**- Good Afternoon, I agree with what Mr P. Chidambaram Ji said, but this election is about those who are trying to destroy the Constitution, and destroy democracy in this country versus those who are trying to protect the Constitution and protect democracy in this country. We do believe that it is very important once this fight is won that we look after the interest of the vast majority of our people that India is not run for two or three large conglomerates, large businesses, that it is run, for the vast majority of people that we are not a nation of monopolies. We are a nation where there is fair competition among businesses. So, I think, it's important to understand that this election is a

fundamentally different election. I don't think democracy has been as much as at risk. The Constitution has been as much as at risk as it is today.

**श्री राहुल गांधी ने कहा कि** ये जो चिदंबरम जी ने कहा, उससे मैं सहमत हूं, मगर ये जो चुनाव है, ये लोकतंत्र को और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए, नरेंद्र मोदी जी, जो कॉन्स्टिट्यूशन पर आक्रमण कर रहे हैं। लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं। इंस्टिट्यूशन को कैप्चर कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया अलायंस जो कॉन्स्टिट्यूशन की रक्षा करता है, लोकतंत्र की रक्षा करता है। तो ये चुनाव इन दोनों फोर्सेस के बीच में है।

**On another question that you had promised OPS and in Himachal Pradesh and Rajasthan you implemented OPS, but in the manifesto, OPS scheme is missing, so is it not viable economically, Shri P. Chidambaram said**- It's not missing as such, it's very much in our minds, but please remember the developments that have taken place in the last 4 months. The government has appointed a committee headed by the Finance Secretary, to review the NPS and the demand for OPS and to find a way in which the objectives of OPS can be financed by a Funded Pension Scheme, which means the government has come around to the point of view that while the OPS delivered benefits to the pensioners, the NPS made it sustainable, now a committee has been appointed under the Finance Secretary and lest we receive the report of that committee and review it, it would be premature to take a stand on the OPS and NPS controversy. It's very much in our minds and we will come out with our position, once the committee's report is received.

**एक अन्य प्रश्न पर कि 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद आपने एक बयान दिया था कि देखते जाइए देश में जितने भी कॉन्स्टिट्यूशन, इंस्टिट्यूशन हैं, उन पर आरएसएस और बीजेपी का कब्जा हो जाएगा, अब हो चुका है, अब आप कह रहे हैं कि हम कानून भी लाएंगे, क्या जब आप ये करेंगे, तो बीजेपी आप पर आरोप लगाएगी, क्योंकि पूछताछ विपक्षी नेताओं से ज्यादा हुई है? श्री राहुल गांधी ने कहा कि** सबसे पहले ये समझना होगा कि हिंदुस्तान के राजनीतिक स्ट्रक्चर में हो क्या रहा है। आरएसएस ने और बीजेपी ने और खासतौर से नरेंद्र मोदी जी ने जो स्ट्रैटेजी बनाई है, उसका फाउंडेशन क्या है, उसकी नींव क्या है। सबसे पहले ये समझना है। जैसे अडानी जी की मोनोपोली है, पोर्ट पर, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर, डिफेंस में, वैसे नरेंद्र मोदी जी ने पॉलिटिकल फाइनेंस की मोनोपोली बनाई है। कैसे बनाई है, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का प्रयोग करके। अगर आप बॉन्ड स्कीम को देखें, तो उसमें साफ दिख जाता है कि नरेंद्र मोदी जी ने, बीजेपी ने एक प्रकार से पॉलिटिकल फंडिंग एक्सटोर्शन से, धमकी से, प्रेशर से बनाई है। खरगे जी ने कहा जो भी भ्रष्ट है, वो सब बीजेपी में जा रहे हैं। उसका कारण है, क्योंकि नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि

पॉलिटिकल फाइनेंस की मोनोपोली उनके हाथों में हो। अब हमारे बैंक अकाउंट बंद कर दिए, हमारे पास ओरिजिनल रास्ता जो था, वही हमारा रास्ता है। हम जनता के साथ जाकर, मिलकर उनके लिए लड़ते हैं। ये जो मैनिफेस्टो बना है, ये मैनिफेस्टो कांग्रेस पार्टी ने नहीं बनाया, ये मैनिफेस्टो हिंदुस्तान की जनता ने बनाया है, हमने सिर्फ इसको लिखा है। ठीक है और हमने सिर्फ इसको लिखा है, जो किसानों ने हमें बताया, खरगे जी को बताया, मुझे बताया, बाकी नेताओं को बताया, वो हमने लिखा है। चाहे वो रोजगार की बात हो, चाहे वो कॉन्ट्रैक्ट लेबर की बात हो, हजारों लोगों से बात करके हमने ये हिंदुस्तान की आवाज है, ये लिखा है। मगर जो राजनीति में आज हो रहा है, वो क्लियर है कि सब पार्टी को नरेंद्र मोदी ईडी, सीबीआई इन इंस्टिट्यूशन को कैप्चर करके फाइनेंशियल मोनोपोली बना रहे हैं अपनी और चुनाव के बाद रियलिटी है कि ये जो फाइनेंशियल मोनोपोली बड़ी इंट्रस्टिंग चीज है, क्योंकि सारी इनफार्मेशन, सारी की सारी इनफार्मेशन किससे एक्सटोर्शन किया है, किसको कॉन्ट्रैक्ट दिया है, कॉन्ट्रैक्ट देने के बाद उसने कितना पैसा दिया है। वो पूरी ब्लू प्रिंट, पूरी की पूरी ब्लू प्रिंट इलेक्टोरल बॉन्ड में लिखी हुई है। तो नरेंद्र मोदी जी ने आज नहीं तो कल अपोजिशन को पूरी चार्जशीट, प्रूफ शीट इलेक्टोरल बॉन्ड के द्वारा पकड़ा दी है। तो इसलिए थोड़ा टेरर हो रहा है उनको, इसलिए नंबर निकला है 400 पार। इसलिए ये महाराष्ट्र में हमारे नेता ले जा रहे हैं, हरियाणा में, सब जगह हमारे नेता ले जा रहे हैं, क्योंकि इनको लग रहा है कि भईया, अगर 400 पार नहीं 180 हो गए, 160 हो गए या 140 हो गई तो नैया पार हो जाएगी। थैंक्यू।

**एक अन्य प्रश्न पर कि आप नरेंद्र मोदी को कितनी बड़ी राजनीतिक चुनौती मानते हैं 2024 के चुनाव में? श्री राहुल गांधी ने कहा कि** देखिए, 2019 में ये शुरु हुआ, आज ये एक तरह पीक पर पहुंच गया है। हिंदुस्तान के सारे इंस्टिट्यूशन उनके हाथ में हैं, पॉलिटिकल फाइनेंस की मोनोपोली उनके हाथ में है। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, ईसी ये सारे के सारे बीजेपी के हाथ में है, बीजेपी के कंट्रोल में हैं। तो जैसे मैंने अपने भाषण में कहा - Cricket match is a rigged match, cricket match is not a fair match. उसमें चाहे सोशल मीडिया की बात करें, आप हमारे नेताओं के, अपोजिशन नेताओं के सोशल मीडिया देख लीजिए, मेरा यू-ट्यूब देख लीजिए, मेरा फेसबुक देख लीजिए, इंस्टाग्राम देख लीजिए। तो ये सारा का सारा स्ट्रक्चर कंट्रोल्ड है, रिग्ड है, इसलिए बहुत जरूरी है कि जनता इस बात को समझे कि ये नॉर्मल चुनाव नहीं है, ये लोकतंत्र को बचाने का, संविधान को बचाने का चुनाव है और इसको लड़ना और जीतना बहुत जरूरी है। ये चुनाव दो-तीन प्रतिशत, पांच प्रतिशत और बाकी हिंदुस्तान के बीच में चुनाव है और जो बाकी हिंदुस्तान चाहता है, वो इस मैनिफेस्टो में है और जो

दो प्रतिशत चाहता है, जो अडानी जी चाहते हैं, वो आप उनका मैनिफेस्टो देख लीजिए, आपको पता लग जाएगा। उसमें उनकी रिक्वेस्ट लिस्ट पूरी की पूरी आपको मिल जाएगी। थैंक्यू।

**प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर पूछे एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री राहुल गांधी ने कहा कि** नहीं, आप बड़े डिस्ट्रैक्शन वाले क्वेश्चन पूछते हो। देखिए, इंडिया गठबंधन में डिसीजन लिया गया है कि हम मिलकर एक साथ आईडियोलॉजिकल चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद लीडर कौन होगा, प्राइम मिनिस्टर कौन होगा, वो पूरा का पूरा जो कोलेशन है, वो मिलकर डिसाइड करेगा।

**On another question that you are going to get 10 out of 10 seats from Tamil Naidu in the forthcoming Parliament election, do you expect the same trend across the country, Shri Rahul Gandhi said**- Well, you know. I am not a soothsayer. Unlike many political commentators, I can't predict the future, but what I am confident of is that this is a much closer election than is being propagated by the media. It is a close election and we are going to fight an excellent election and we are going to win the election.

Please do remember one thing! that there was a similar feeling being generated by the press when Mr. Vajpayee Ji was Prime Minister, there was the 'India shining campaign'. So, we have a similar idea being propagated 'INDIA shining' with two-three new dimensions, international dimension, all sorts of new dimensions, and full support by the monopolists in the country. But do remember what happened to the 'India shining campaign', and do remember who won that campaign.

**श्री पवन खेड़ा ने कहा कि** श्री केसी वेणुगोपाल कल के कार्यक्रम के विषय में आपसे दो शब्द कहेंगे।

**Shri K.C. Venugopal said-** Dear friends, today already we have released the Congress manifesto of 2024. Tomorrow, in two places we are launching the manifesto with huge rallies, one is in Jaipur tomorrow morning, the manifesto launching will take place in Jaipur, and the second rally of launching the manifesto will take place in Telangana, Hyderabad in the evening. Therefore, two programme tomorrow, one is in Rajasthan, one is in Telangana for launching the manifesto. I once again thanking all of you for participating in this event.

**Sd/-**
**Secretary**
**Communication Deptt.**
**AICC**